# डिजिटल मीडिया एजेंसी को एम्पैनल करने के लिए रुचि प्रकटन

# EXPRESSION OF INTEREST FOR EMPANELMENT OF A DIGITAL MEDIA AGENCY

**I. डिजिटल मीडिया एजेंसी का एम्पैनलमेंटः** भारतीय निर्यात-आयात बैंक ('बैंक') अपने ब्रांड की छवि को और मजबूत करने तथा बैंक की डिजिटल मौजूदगी बढ़ाने के लिए वेबसाइट, मोबाइल एप्लिकेशन बनाने और उनके साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म आदि संभालने एवं डिजिटल मार्केटिंग में कम से कम 5 साल का अनुभव रखने वाली इच्छुक डिजिटल मीडिया एजेंसियों से सीलबंद रुचि पत्र ('आवेदन') आमंत्रित करता है।

डिजिटल मीडिया एजेंसी की क्षमताओं में अन्य के अलावा निम्नलिखित ऑनलाइन संचार सेवाएं शामिल हों:

i. विकास और रखरखावः कॉर्पोरेट वेबसाइट, माइक्रोसाइट, मोबाइल एप्स, इंट्रानेट पोर्टल आदि का विकास एवं रखरखाव;

ii. डिजाइनिंग और कंटेंट सृजनः बैंक की डिजिटल मौजूदगी के प्रबंधन के लिए ब्रांड दिशानिर्देशों के अनुसार अन्य के अलावा कॉपीराइटिंग, इन्फोग्राफिक, वीडियो और फोटो स्टोरी सृजन और / या हिन्दी, भारतीय क्षेत्रीय भाषाओं, फ्रेंच और स्पैनिश भाषा में विज्ञापन अभियान के लिए डिजाइनिंग और कंटेंट तैयार करना;

iii. ऑनलाइन प्रतिष्ठा प्रबंधनः सोशल मीडिया प्रबंधन, संकट प्रबंधन, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), इन्फ्लूएंसर एंगेजमेंट जैसी विभिन्न गतिविधियों के जरिए ऑनलाइन स्पेस में प्रतिष्ठा प्रबंधन;

iv. ऑनलाइन मीडिया प्लानिंगः बैंक के समग्र ब्रांड / रणनीतिक अभियान के अनुसार प्रायोजित कंटेंट, सोशल मीडिया विज्ञापन, एसईओ मार्केटिंग, ईमेल अभियानों आदि के जरिए ऑनलाइन मीडिया योजना बनाना;

v. ढांचागत सुविधाएं: लाइव वेबकास्ट और फीड संभालने, ऑनलाइन मीडिया के लिए एवी प्रोडक्शन, हेल्पडेस्क / लाइव चैट / व्यापार सूचियों आदि के लिए समुचित इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करना; Infrastructure to handle live webcasts and feeds, AV production for online media, developing mechanism for helpdesk / live chats, trade indices, etc.

vi. संपर्कः बैंक के जनसंपर्क और प्रिंट विज्ञापन को सहयोग करते हुए सूचनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए प्रासंगिक समाचार वेबसाइटों / ब्लॉगों के साथ संपर्क विकसित करना;

vii. नियमित रिपोर्टिंग और आकलनः बैंक की डिजिटल मौजूदगी में विस्तार और इस हेतु किए गए निवेश रिटर्न का आकलन करने के लिए नियमित रिपोर्टिंग करना।

यह आवश्यक है कि एम्पैनलमेंट के लिए आवेदन करने वाली डिजिटल मीडिया एजेंसियां बैंक को उपर्युक्त सेवाएं प्रदान करने में सक्षम हों।

**II. डिजिटल मीडिया एजेंसी के एम्पैनलमेंट के लिए पूर्व अहर्ता मानदंड:**

**एजेंसी के पास निम्नलिखित होना अपेक्षित हैः**

(क) मुंबई में 25 स्टाफ सदस्यों वाले पूर्ण कार्यालय के साथ भारत में मौजूदगी।

(ख) बीते दो वर्षों (यानी 2014-15 और 2015-16) में कम से कम 5 करोड़ रुपए का टर्नओवर। डिजिटल मीडिया सेवाओं से कम से कम 5 करोड़ रुपए के टर्नओवर का दस्तावेजी प्रमाण साथ दिया जाना चाहिए।

(ग) एजेंसी बीते पांच वर्षों से अस्तित्व में हो यानी डिजिटल मीडिया एजेंसी 31 दिसंबर, 2011 के बाद न बनी हो।

(घ) एजेंसी ने ग्राहकों की कॉर्पोरेट वेबसाइटें / माइक्रोसाइटें / सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और डिजिटल मीडिया अभियान बनाए और संभाले हों (प्रमाण साथ लगाएं)।

(ङ) एजेंसी को बैंकों, वित्तीय संस्थानों अथवा निर्यात ऋण एजेंसियों के साथ काम करने का अनुभव हो।

**III. एम्पैनलमेंट के नियम एवं शर्तें:**

क) एजेंसी को भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय बैंक संगठन और / अथवा या किसी अन्य बैंक द्वारा अयोग्य / ब्लैकलिस्ट घोषित न किया गया हो। एजेंसी के प्रमोटरों और / अथवा निदेशकों का अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड हो। इस संबंध में एजेंसी द्वारा एक घोषणा पत्र भी आवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगा।

ख) एजेंसी का मुंबई में पूर्ण कार्यालय हो और देश के अन्य बड़े शहरों में प्रतिनिधि कार्यालय / शाखाएं हों, प्राथमिक रूप से उन शहरों में जहां बैंक के कार्यालय हैं।

ग) एजेंसी के पास प्रमुख भारतीय भाषाओं में प्रवीणता और प्रूफ जांच सुविधाओं के साथ मल्टीमीडिया, बहुभाषी कंटेंट को संभालने के लिए जरूरी संसाधन हों। हिन्दी में कार्य करने में सक्षम होना अनिवार्य है।

घ) एजेंसी को निजी और सार्वजनिक क्षेत्र में बैंकिंग और वित्तीय सेवा संस्थानों (बीएफएसआई) के साथ काम करने का पर्याप्त अनुभव हो।

ङ) एजेंसी का अल्पकालीन सूचना पर संचार की विभिन्न अपेक्षाओं को पूरा करने का अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड रहा हो।

च) बैंक सभी या कोई भी आवेदन / प्रस्ताव बिना कोई कारण बताए खारिज कर सकता है।

छ) एम्पैनलमेंट के लिए किया गया सशर्त या अपूर्ण आवेदन खारिज कर दिया जाएगा।

ज) एजेंसी से उम्मीद की जाती है कि वह उच्च स्तरीय प्रोफेशनल आदर्शों का पालन करती हो और ऐसा कोई कार्य न करे जिससे बैंक के हितों को नुकसान पहुंचता हो। एजेंसी प्रकाशन के लिए निर्देश जारी

न होने तक मामलों की गोपनीयता बनाए रखेगी। उपर्युक्त में से किसी का भी उल्लंघन होने पर बैंक एजेंसी पर दंड लगा सकता है।

झ) एजेंसी को तीन साल के लिए एम्पैनल किया जाएगा, जो एक साल बाद बैंक की संतुष्टि के अध्यधीन होगा। एम्पैनल की गई एजेंसी के कामकाज की हर तिमाही के अंत में समीक्षा की जाएगी। यदि एम्पैनल की गई एजेंसी की सेवाएं बैंक की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरती हैं तो बैंक एजेंसी की सेवाएं समाप्त कर सकता है और बिना किसी बाध्यता अथवा किसी को बिना कोई कारण बताए शॉर्ट लिस्ट की हुई अगली एजेंसी को नियुक्त कर सकता है। इस तरह की कार्रवाई से होने वाले किसी भी नुकसान अथवा क्षति के लिए बैंक जवाबदेह नहीं होगा।

## IV. भुगतान

क) कॉन्ट्रैक्ट पारस्परिक रूप से सहमत मासिक भुगतान पर रिटेनरशिप आधार पर होगा।

ख) एजेंसी को किसी भी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।

ग) आयकर आदि सहित सभी लागू करों की स्रोत पर कटौती आयकर अधिनियम, 1961 और यथा लागू अन्य कानूनी प्रावधानों के अनुसार की जाएगी।

## V. न्यायाधिकार क्षेत्र

इस आवेदन के अंतर्गत यदि पार्टियों के बीच इस आवेदन को लेकर / आवेदन के संबंध में किसी भी तरह का कोई विवाद या मतभेद पैदा होता है तो उसका निपटान भारत के कानूनों के अनुसार किया जाएगा और किसी भी वाद पर पार्टियों की सुनवाई अपरिवर्तनीय रूप से मुंबई की अदालतों के न्यायाधिकार क्षेत्र में ही होगी, इस संबंध में कार्यवाही भी इसी न्यायाधिकार क्षेत्र में होगी।

## VI. एम्पैनलमेंट के लिए आवेदन प्रस्तुत करना

आवेदन सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करना होगा, जिस पर ऊपर लिखा होना चाहिए 'डिजिटल मीडिया एजेंसी के एम्पैनलमेंट के लिए रुचि पत्र', जो महाप्रबंधक, कॉर्पोरेट संचार समूह के नाम **गुरुवार, 26 फरवरी, 2017 को शाम 5 बजे तक** या इससे पहले निम्नलिखित पते पर मिल जाना चाहिएः

भारतीय निर्यात-आयात बैंक, 21वीं मंज़िल, विश्व व्यापार केंद्र कॉम्प्लेक्स, केंद्र एक भवन, कफ़ परेड, मुंबई - 400005

## VII. आवेदन फॉर्म के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज

क) वित्तीय वर्ष 2014-15 और 2015-16 की लेखापरीक्षित बैलेंस शीट की प्रतियां। यदि डिजिटल मीडिया एजेंसी किसी बड़े संचार समूह का हिस्सा है और उसकी अलग से कोई बैलेंस शीट नहीं है तो उसकी डिजिटल सेवाओं से आने वाले राजस्व का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा, जो किसी प्राधिकृत प्राधिकारी द्वारा सत्यापित होना चाहिए।

(**नोटः** वित्तीय वर्ष 2014-15 और 2015-16 की लेखापरीक्षित बैलेंस शीट के अनुसार यदि एजेंसी को योग्य नहीं पाया गया तो उसे चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में प्रतिबंधित किया जा सकता है।)

ख) क्लॉज III (क) में निर्दिष्ट अनुसार एजेंसी का घोषणापत्र, जिसका प्रारूप अनुलग्नक I में दिया गया है।

ग) बीएफएसआई / सरकारी क्षेत्र के मौजूदा ग्राहकों के तीन प्रमाण, जिनसे प्रमाणीकरण के लिए संपर्क किया जा सके.

घ) क्लॉज II में विनिर्दिष्ट अनुसार ग्राहकों के लिए किए गए काम का प्रमाण।

ङ) बैंक के लिए विनिर्दिष्ट किए जाने वाले दो ग्राहक सेवा एक्जीक्यूटिव्स की विस्तृत प्रोफाइल, जिसका प्रारूप अनुलग्नक II में दिया गया है।

च) कंपनी के पैन कार्ड, सेवा कर रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की प्रति।

छ) कंपनी के अंतर्नियम (आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन) और बहिर्नियम (मेमोरैंडम ऑफ एसोसिएशन) की प्रति।

**VIII. एम्पैनलमेंट के लिए चयन प्रक्रिया**

उपर्युक्त (II और III) के मानदंड पूरा करने वाली एजेंसियों का मूल्यांकन निम्नलिखित मानदंडों के लिए दिए गए अंकों के अनुसार किया जाएगाः

**क. इन्फ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल मीडिया क्षमताएं: 50 अंक**
**(उत्तर बिंदुवार दिए जाने हैं)**

क.1. डिजिटल मीडिया सेवाओं के लिए निर्धारित न्यूनतम दो व्यक्तियों वाली ग्राहक सेवा टीम का विवरणः 15 अंक (एक्जीक्यूटिव्स की प्रासंगिक शैक्षणिक योग्यता अनुलग्नक II में दिए अनुसार संलग्न की जानी है)।

ख.2. वेबसाइट / माइक्रोसाइट, कंटेंट सृजन, सोशल मीडिया अभियान संभालनाः 15 अंक (मौजूदा ग्राहकों के लिए किए गए काम का प्रमाण प्रस्तुत करना है)।

ग.3. बीते दो वर्षों के दौरान रहे सरकारी / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम / बीएफएसआई ग्राहकों की सूची (प्रत्येत ग्राहक के लिए दो अंक, अधिकतम 10 अंकों के साथ)

घ.4. एक्ज़िम बैंक अथवा किसी अंतरराष्ट्रीय विकास वित्त एजेंसी के साथ कार्य का पूर्व अनुभवः 5 अंक।

ड़.5. भारत और विदेशों में मौजूदगीः 5 अंक (प्रत्येक कार्यालय के लिए 1 अंक)।

**नोटः उपर्युक्त मानदंडों (क) के आधार पर शॉर्टलिस्ट की गई अधिकतम 5 एजेंसियों को मार्च 2017 की शुरुआत में बैंक में प्रजेंटेशन और वित्तीय बोलियों के लिए बुलाया जाएगा, जहां उनका मूल्यांकन निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर किया जाएगा। एजेंसियों के लिए बेहतर होगा कि वे आवेदन**

**प्रस्तुत किए जाने के समय ही अपनी प्रजेंटेशन तैयार रखें। उन्हें प्रजेंटेशन के लिए शॉर्ट नोटिस पर आमंत्रित किया जा सकता है। प्रजेंटेशन की अवधि लगभग 30 मिनट होगी।**

**ख. डिजिटल मीडिया सॉल्यूशंस प्रजेंटेशन और वित्तीय बोली: 50 अंक**

ख.1. बैंक की मौजूदा स्थिति और बैंक की छवि को और मजबूत करने के लिए प्रस्तावित डिजिटल मीडिया रणनीतिः 25 अंक

ख.2. ऐसी केस स्टडी, जिसमें एजेंसी ने सोशल / डिजिटल मीडिया के जरिए ग्राहक की ऑनलाइन प्रतिष्ठा बढ़ाने या संकट प्रबंधन में मिसाल पेश करने वाला काम किया होः 25 अंक

**<u>कृपया नोट कीजिएः</u>** एजेंसी / एजेंसियों को उपर्युक्त मानदंडों के आधार पर ही शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। बैंक किसी भी एजेंसी या सभी एजेंसियों को शॉर्टलिस्ट, चयनित या खारिज कर सकता है। एजेंसी / एजेंसियों के चयन में बैंक का निर्णय अंतिम होगा। बैंक द्वारा चयनित एजेंसी को तदनुसार सूचित कर दिया जाएगा।

## एम्पैनलमेंट के लिए आवेदन
## APPLICATION FOR EMPANELMENT

1. एजेंसी का नाम NAME OF THE AGENCY:

2. मुंबई कार्यालय का पता OFFICE ADDRESS IN MUMBAI:

3. फोन PHONE :

4. फैक्स FAX :

5. प्रधान कार्यालय का पता (यदि नहीं है तो उपर्युक्त 2)
   HEAD OFFICE ADDRESS (if not same as 2. Above)

6. ईमेल E-MAIL :

7. एजेंसी स्ट्रक्चर AGENCY STRUCTURE :
   (क्या भागीदारी फर्म है या प्रोपराइटरशिप फर्म या प्राइवेट लिमिटेड/लिमिटेड कंपनी आदि है)
   (Whether Partnership Firm or Sole Proprietorship Firm or Private Limited/Limited Company etc.)

8. निदेशकों / भागीदारों / प्रोपराइटरों आदि के नाम
9. NAME OF DIRECTORS / PARTNERS/ PROPRIETORS ETC.:
   (Along with PAN Card & CIBIL Report)

10. शाखा(एं) (यदि हैं) BRANCH(ES) (If any):

11. कंपनी बनने की तारीख DATE OF INCORPORATION:

12. बीते दो वर्षों के दौरान एजेंसी का टर्नओवर (करोड़ रुपए में)
    (केवल डिजिटल मीडिया सेवाओं से आय का अलग से उल्लेख करें):
    (बीते दो वर्षों की लेखापरीक्षित बैलेंस शीट भी प्रस्तुत करें)
    TURNOVER OF THE AGENCY DURING PAST 2 YEARS (IN ₹ CRORES)
    (with bifurcation of earnings from only digital media services):
    (To be supported by audited balance sheet for last two years)
    YEAR
    2014 – 2015:
    2015 – 2016:

13. सेवाकर रजिस्ट्रेशन नंबर:) कृपया प्रति संलग्न करें(
SERVICE TAX REGISTRATION NO.: (Please attach the copy)

14. फर्म का पैन नंबर:) कृपया प्रति संलग्न करें(
PAN NO. OF THE FIRM: (Please attach the copy)

15. एजेंसी द्वारा बीते पांच वर्षों में निष्पादित कॉन्ट्रैक्ट संबंधी किसी भी सिविल वाद / मुकदमे का विवरण। यदि कोई वाद/मुकदमा है तो उसका विवरण प्रस्तुत कीजिए
DETAILS REGARDING ANY CIVIL SUIT/LITIGATION IN THE CONTRACTS EXECUTED BY THE AGENCY DURING THE LAST 5 YEARS. GIVE DETAILS IF ANY:

<u>अनुलग्नक I</u>

<u>ANNEXURE I</u>

<u>घोषणा Declaration</u>

मैं / हम एतदद्वारा घोषणा करता हूं / करते हैं किः

I /We do hereby certify that:

(i) हमारी एजेंसी को भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई), भारतीय बैंक संगठन (आईबीए), किसी अन्य बैंक और / अथवा कंपनी से अयोग्य / ब्लैकलिस्ट घोषित नहीं किया गया है;
Our Agency has not been disqualified / blacklisted by Reserve Bank of India, Indian Banks’ Association, any other Bank and/or Company;

(ii) एजेंसी अथवा इसके प्रमोटरों और / अथवा निदेशकों के खिलाफ कोई मुकदमा नहीं चल रहा है;
No litigation is being pursued against the Agency or its promoters and / or directors;

(iii) एजेंसी और इसके प्रमोटरों / निदेशकों ने किसी भी ऋणदाता के साथ चूक (डिफॉल्ट) नहीं की है और उनके खिलाफ कोई भी बकाया / मांग लंबित नहीं है;
The Agency and its promoters / directors have not defaulted with any of its lenders and no dues or demands are pending against them;

दी गई उपर्युक्त सूचना सही और सत्य है। यदि कोई भी झूठी सूचना दी गई है अथवा किसी भी सूचना को छिपाया गया है तो आवेदन खारिज हो जाएगा और यदि उचित हुआ तो दंड भी लगाया जा सकता है।

The information as provided above is correct and true in all respect. In case of furnishing any false information or suppression of any material information, the application shall be liable for rejection besides penalty can be imposed, if it deemed fit.

हस्ताक्षर Signature

प्राधिकृत हस्ताक्षरी का नाम और पदनाम Name and Designation of Authorized Signatory

एजेंसी का नाम Name of the Agency

मुहर Seal

तारीख Date:
स्थान Place:

**(यदि एजेंसी यह घोषणा कर पाने में असमर्थ है तो कृपया इसका कारण बताइए और आरबीआई / आईबीए / किसी अन्य संस्था द्वारा अयोग्य घोषित किए जाने का कारण बताइए।)**
**(In case the Agency is unable to make this declaration, please provide information regarding the reason for disqualification by RBI / IBA/ any other institution and the reason(s), thereof.)**

अनुलग्नक II

ANNEXURE II

## एम्पैनलमेंट के बाद एक्ज़िम बैंक के लिए निर्धारित किए जाने वाले प्रस्तावित प्रोफेशनल स्टाफ के सीवी के लिए प्रारूप
## FORMAT OF CURRICULUM VITAE (CV) FOR PROPOSED PROFESSIONAL STAFF WHO WILL BE DEDICATED TO EXIM BANK AFTER EMPANELEMENT

1. स्टाफ का नाम (पूरा नाम लिखें) Name of Staff [*Insert full name*]:

2. जन्मतिथि Date of Birth:

3. नागरिकता Nationality:

4. शिक्षा [कॉलेज/विश्वविद्यालय और अन्य संस्थानों, हासिल की गई डिग्रियों और उनकी तारीखों का उल्लेख करें]:
   Education [*Indicate college/university and other specialized education of staff member, giving names of institutions, degrees obtained, and dates of obtainment*]:

5. प्रोफेशनल संघों की सदस्यता Membership of Professional Associations:

6. अन्य प्रशिक्षण और / अथवा प्रमाणपत्र Other Training and / or Certifications:

7. भाषा [प्रत्येक भाषा के लिए प्रवीणता का उल्लेख करें*: बोलने, पढ़ने और लिखने में अच्छी, संतोषजनक, अथवा कमजोर* ]
   Languages [*For each language indicate proficiency: good, fair, or poor in speaking, reading, and writing*]:

8. नौकरियों का रिकॉर्ड [स्टाफ सदस्य द्वारा स्नातक के बाद से शुरू की गई प्रत्येक नौकरी का विवरण, वर्तमान से शुरू कर उल्टे क्रम में। प्रत्येक के लिए निम्नलिखित प्रारूप देखिएः नौकरी की तारीख, संस्था का नाम, पद, जिन पर काम किया]
   Employment Record [*Starting with present position, list in reverse order every employment held by staff member since graduation, giving for each employment see format here below: dates of employment, name of employing organization, positions held.*]:
   से From [वर्ष *Year*]: तक To [वर्ष *Year*]:
   नियोक्ता Employer:
   पद, जिस पर काम किया Positions held:

9. डिजिटल मीडिया एजेंसी में दिए गए कार्य का विस्तृत विवरण
Detailed Tasks Assigned in Digital Media activities

10. निर्धारित कार्य को बेहतरीन तरीके से करने की क्षमता का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला कोई उदाहरण
Work Undertaken that Best Illustrates capability to Handle Tasks Assigned:

क) इस असाइनमेंट के अंतर्गत निष्पादित किए जाने वाले सभी कार्यों की सूची

ख) इनमें से कौनसे असाइनमेंट में स्टाफ शामिल रहा, [उन असाइनमेंट के लिए निम्नलिखित सूचना का विवरण दीजिए, जो बिंदु 10 में सूचीबद्ध कार्यों को बेहतरीन तरीके से करने की क्षमता का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हों]

a) *List all tasks to be performed under this assignment*

b) *Among the assignments in which the staffs have been involved, indicate the following information for those assignments that best illustrate staff capability to handle the tasks listed under point 10.*]

- असाइनमेंट या परियोजना का नाम Name of assignment or project:
- वर्ष Year:
- स्थान Location:
- ग्राहक Client:
- परियोजना की प्रमुख विशेषताएं Main project features:
- पद, जिन पर काम किया Positions held:
- निष्पादित कार्य Activities performed:

**निदेशक के हस्ताक्षर**
**Signature of the Director**